## एक नजर



### महावीर जयंती महोत्सव आज

**माखननगर,29 मार्च नससे.** आज भगवान महावीर जयंती महोत्सव के अंतरगत सकल जैन समाज द्वारा श्री जी विमान यात्रा प्रात: 7,30 बजे नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए दिगंबर जैन मंदिर पहुंचेगी जहां पर कलशा अभिषेक शांति धारा एवं महावीर पूजन का कार्यक्रम रखा गया है संध्या भजन एवं आरती का कार्यक्रम आयोजित है

### महावीर जयंती पर आज रहेगा अवकाश

**नर्मदापुरम,29,मार्च**,म.प्र.शा. सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय, भोपाल द्वारा जारी अधिसूचना के अनुपालन में तथा स्थानीय परिस्थितियों एवं जनभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए जिला नर्मदापुरम में पूर्व में घोषित सार्वजनिक अवकाश में संशोधन किया गया है। जारी आदेश के अनुसार कैलेंडर वर्ष हेतु घोषित अवकाश सूची में महावीर जयंती के उपलक्ष्य में 30 मार्च को जिले में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इसके साथ ही स्पष्ट किया गया है कि 31 मार्च को सभी शासकीय कार्यालय एवं संस्थाएं पूर्ववत खुली रहेंगी।

**हरदा** - महावीर जयंती के उपलक्ष्य में आज अवकाश होगा। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सिद्धार्थ जैन ने जनभावननाओं एवं स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए महावीर जयंती के अवसर पर घोषित सार्वजनिक अवकाश की तिथि में परिवर्तन किया है। जारी आदेश अनुसार महावीर जयंती के अवसर पर अब 30 मार्च को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया.

# लंबे इंतजार के बाद नगरीय निकायों में एल्डरमैन नियुक्त



**नवभारत समाचार सेवा**

**इटारसी,29 मार्च.** नगरीय निकायों में हुये चुनाव के बाद लंबे इंतजार के बाद आज शासन द्वारा निकायों में एल्डरमेन मनोनीत किये गये हैं. एल्डरमेन की नियुक्ति के लिये राजनैतिक हल्को में लंबे समय से कवायद चल रही थी.

राज्य शासन ने नगर पालिका परिषद इटारसी में पांच एल्डरमैन की नियुक्तियह न केवल प्रशासनिक गलियारों में, बल्कि शहर की सियासी बिसात पर भी एक बड़ा दांव मानी जा रही है। इटारसी के विकास के पहिए को और गति देने के लिए राज्य सरकार ने अपने विशेषज्ञों की टीम मैदान में उतार दी है। नगर पालिका परिषद के लिए पांच एल्डरमैन की नियुक्तियां कर दी गई हैं, जिससे परिषद की बैठकों का स्वरूप अब और भी प्रभावी होने वाला है।

**कौन संभालेंगे नई जिम्मेदारी**-विकास की मुख्यधारा में सुझाव देने के लिए शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से अनुभवी चेहरों को चुना गया है। नरेश मेधानी सिंधी कॉलोनी, वार्ड 30, आशीष मालवीय मालवीयगंज, वार्ड 20, संजीव हूरा पंजाबी मोहल्ला, वार्ड 22, रेखा मालवीय महिला प्रतिनिधित्व के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका, मयंक मेहतो पुरानी इटारसी, वार्ड 04 नगर पालिका परिषद में मनोनीत पार्षद होंगे ।अक्सर लोग इसे सिर्फ एक पद के रूप में देखते हैं, लेकिन वास्तविकता में एल्डरमैन नगर के अनुभवी सलाहकार के रूप में कार्य करते हैं।

ये पार्षद परिषद की बैठकों में हिस्सा लेंगे और शहर की बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए अपने विजन को साझा करेंगे। सरकार और परिषद के बीच एक मजबूत कड़ी के रूप में कार्य करते हुए, ये मनोनीत सदस्य विकास कार्यों की रूपरेखा को बेहतर बनाने में मदद करेंगे।

**वार्ड स्तर का संतुलन** -अलग-अलग वार्डों से होने के कारण, ये अपने क्षेत्रों की विशिष्ट समस्याओं को सीधे सदन के पटल पर रख सकेंगे।

**नया सियासी समीकरण**-इटारसी नगर पालिका परिषद में पांच एल्डरमैनों की नियुक्ति ने शहर के सियासी समीकरणों को एक नया और दिलचस्प मोड़ दे दिया है। राज्य सरकार द्वारा जारी की गई इस सूची में अनुभव, संगठन की मजबूती और व्यक्तिगत तालमेल का एक अनूठा मिश्रण देखने को मिला है।

नर्मदापुरम नगर पालिका में श्रीमती अर्चना वर्मा, राजेश अत्रे, हीरामणि भावसार, संतोष मीना, एवं राम नवलानी को एल्डरमेन मनोनीत किया गया हैं.

## जिले के नगरीय निकायों में 18 एल्डरमैन की हुई नियुक्ति

**हरदा ,29 मार्च नससे.** प्रदेश सरकार ने लंबे इंतजार के बाद नगरीय निकायों में एल्डरमैन की सूची जारी की है ।जिले की सिराली,खिरकिया, टिमरनी सहित हरदा नगर पालिका में 18 एल्डरमैन मनोनीत किए है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार हरदा नगर पालिका में नवीन असरानी,गजानंद डाले,मनसुख लोहाना,चंद्रशेखर रघुवंशी,नरेंद्र सैनी एवं एड. प्रियंका दुबे एल्डरमैन नियुक्त हुई है ।खिरकिया नगर परिषद में हर्षिता राजपूत,अमित तिवारी,बबलू पंवार,विष्णु मोरी वहीं टिमरनी नगर परिषद में नन्हेलाल कौशल,अरुण कुमार तिवारी,मनमोहन सिंहल,महेंद्र बाबा पटेल, नगर परिषद सिराली में पदम पटेल,मन्नालाल कुशवाह,अशोक सांगुल्ले,कन्हैयालाल मालवीय को एल्डरमैन बनाया गया है।

## नपा में एल्डरमैनों की नियुक्ति, मिली नई जिम्मेदारी

**सिवनी मालवा 29 मार्च नससे.**नगरपालिका में लंबे समय से लंबित चल रही एल्डरमेनों की नियुक्ति आखिरकार पूरी हो गई है। इस फैसले के बाद नगर की राजनीतिक और प्रशासनिक गतिविधियों में नई सक्रियता देखने को मिल रही है। नवनियुक्त एल्डरमेनों को लगातार बधाइयां दी जा रही हैं और समर्थकों में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

नगर पालिका परिषद में जिन एल्डरमेनों की नियुक्ति की गई है, उनमें श्रीमती अनीता बाथव, उमेश राठौर, देवी कुरायाह, अभिषेक सोनी, हर्ष चौघडिया और कमलेश लौवंशी शामिल हैं। इन सभी को संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और लंबे समय से किए जा रहे जमीनी कार्यों के आधार पर यह जिम्मेदारी सौंपी गई है ।बताया जा रहा है कि पार्टी ने इस बार ऐसे समर्पित कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी है, जो वर्षों से संगठन को मजबूत करने और जनहित के मुद्दों को उठाने में सक्रिय रहे हैं। इस निर्णय को मेहनती और जमीनी कार्यकर्ताओं के सम्मान के रूप में भी देखा जा रहा है। एल्डरमेनों की नियुक्ति से नगर के नागरिकों में भी खुशी की लहर है। लोगों को उम्मीद है कि अब विकास कार्यों को गति मिलेगी और शहर की मूलभूत समस्याओं का समाधान तेजी से होगा। नागरिकों ने स्वच्छता, सड़क, पेयजल, बिजली जैसी आधारभूत सुविधाओं के साथ-साथ जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने की अपेक्षा जताई है.वहीं, सभी नवनियुक्त एल्डरमैनों ने अपने दायित्व को गंभीरता से लेते हुए नगर के समग्र विकास और जनता की सेवा के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का भरोसा दिलाया है। उन्होंने कहा कि वे आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान कराने और नगरपालिका के कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे.नगर में अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि नव-नियुक्त एल्डरमेन अपने कार्यकाल में किस प्रकार विकास योजनाओं को धरातल पर उतारते हैं .

## एल्डरमैन की नियुक्ति पर सवाल,क्या रूठों को मनाने की कवायद

**नवभारत समाचार सेवा**

**सिराली, 29 मार्च नससे.** नगर परिषद में हाल ही में एल्डरमेन की नियुक्ति को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।

परिषद द्वारा चार लोगों को एल्डरमेन नियुक्त किया गया है, जिनमें पदम पटेल अशोक सागोले कन्हैयालाल मालवीय मुन्नालाल कुशवाहा अधिकांश वे नाम शामिल हैं जो पिछली पंचवर्षीय नगर परिषद चुनाव में पार्षद टिकट से वंचित रह गए थे और जिन्होंने उस समय अपनी आपत्ति भी दर्ज कराई थी। ऐसे में इन नियुक्तियों को लेकर यह कयास लगाए जा रहे हैं कि पार्टी ने नाराज कार्यकर्ताओं को साधने और रूठों को मनाने के उद्देश्य से यह कदम उठाया है। यह विषय अब आमजन के बीच चर्चा का केंद्र बना हुआ है।

वहीं दूसरी ओर ब्राह्मण समाज में इस निर्णय को लेकर गहरी नाराजगी देखने को मिल रही है। जानकारी के अनुसार, पिछली नगर परिषद चुनाव के दौरान ब्राह्मण समाज के कई दावेदारों ने पार्षद टिकट की मांग की थी, लेकिन 15 वार्डों में से किसी एक वार्ड में भी समाज के व्यक्ति को टिकट नहीं दिया गया। उस समय भी समाज की ओर से विरोध दर्ज कराया गया था, जिस पर उन्हें आश्वासन दिया गया था कि भविष्य में एल्डरमेन पद पर उचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा ।हालांकि अब एल्डरमेन की नियुक्ति के बाद भी ब्राह्मण समाज को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया है, जिससे समाज के लोगों में असंतोष बढ़ गया है।

समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि भाजपा में सक्रिय और समर्पित भूमिका निभाने के बावजूद इस तरह की अनदेखी बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में भी उनकी उपेक्षा जारी रही, तो वे लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करेंगे

### रेलवे स्टेशन पर चला सघन चेकिंग अभियान

**इटारसी,29 मार्च नससे.** रेलवे सुरक्षा बल, वाणिज्य और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त दल ने शनिवार को रेलवे स्टेशन पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 22 लोगों के विरुद्ध रेल अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई।

उप स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य) एस.एस. मेनन, स्वास्थ्य निरीक्षक राहुल आरसे और आरपीएफ के सहायक उप निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह व प्रकाश बिल्लौरे की टीम ने स्टेशन परिसर में बिना अधिकार पत्र के खाद्य सामग्री बेचने और गंदगी फैलाने वाले 10 वेंडरों को पकड़ा ।आउटर क्षेत्र में सक्रिय 8 अनाधिकृत वेंडरों और जान जोखिम में डालकर पटरी पार करने वाले 4 व्यक्तियों पर भी कार्रवाई की गई। रेल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस तरह के औचक निरीक्षण और कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## राजेन्द्र अग्रवाल दूसरी बार बने द ग्रेन मर्चेंट एसोसियेशन के अध्यक्ष

**नवभारत समाचार सेवा**



**इटारसी,29 मार्च.** शहर के प्रतिष्ठित व्यापारिक संगठन द ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन में एक बार फिर भरोसे और एकजुटता की जीत हुई है। राजेंद्र अग्रवाल राजू कक्का को सर्वसम्मति से लगातार दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया है।

**लोकप्रियता और मृदुभाषी स्वभाव का मिला लाभ**-व्यापारियों के बीच अपनी सहज कार्यशैली, मिलनसार व्यवहार और मृदुभाषी व्यक्तित्व के लिए पहचाने जाने वाले राजू कक्का के नाम पर सभी सदस्यों ने एकमत होकर मुहर लगाई। उनके पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों और व्यापारियों के हितों के प्रति समर्पण को देखते हुए यह निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ।

**जल्द होगा नई कार्यकारिणी का गठन**-अध्यक्ष चुने जाने के बाद राजेंद्र अग्रवाल ने सभी व्यापारी बंधुओं का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने संकेत दिए हैं कि जल्द ही संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से नई कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। इस घोषणा के बाद पूरे बाजार और व्यापारी वर्ग में हर्ष की लहर है।

### पंडित अजय उपाध्याय परशुराम सेना मध्यप्रदेश के सिराली तहसील अध्यक्ष नियुक्त

**हरदा,29 मार्च नससे.** श्री परशुराम सेना मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अनूप शुक्ला, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर शर्मा एवं प्रदेश सचिव राज शर्मा तथा सर्व ब्राह्मण समाज खिरकिया के पूर्व अध्यक्ष राकेश पाराशर की अनुमति से, श्री परशुराम सेना हरदा जिला अध्यक्ष नितिन बद्री प्रसाद जोशी की अनुशंसा पर हरदा जिले की सिराली तहसील में श्री परशुराम सेना का गठन किया गया इस गठन में पंडित अजय उपाध्याय को सिराली तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया,साथ ही उपाध्यक्ष,गौरव पाराशर अभीषेक उपाध्याय, महामंत्री सुजल जोशी,हर्ष जोशी को नियुक्त किया गया

कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष नितिन बद्री प्रसाद जोशी द्वारा सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को माला एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष राकेश पाराशर, महेश पटेल, खिरकिया नगर अध्यक्ष मोहित सिटोके , तहसील अध्यक्ष दुर्गेश मिश्रा , पवन तिवारी , राधारमण शर्मा सहित परशुराम सेना के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## खजूर रविवार पर मसीही समाज ने निकाली रैली

**नवभारत समाचार सेवा**

**इटारसी,29 मार्च.** शहर के मसीह समाज ने प्रभु यीशु मसीह के यरुशलम में विजय प्रवेश की स्मृति में खजूर रविवार (पाम संडे) का पर्व पारंपरिक हर्षोल्लास और भक्तिभाव से मनाया। पास्टर्स फैलोशिप एवं क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित इस रैली में शहर के विभिन्न चर्चों के हजारों सदस्यों ने सहभागिता की।

**भक्ति और उत्साह का संगम**-रैली का शुभारंभ फ्रेन्ड्स स्कूल मैदान से हुआ। हाथों में खजूर की डालियां लिए बच्चे, महिलाएं और पुरुष होशन्ना के नारे लगाते और मसीही गीत गाते हुए शहर के मुख्य मार्गों पर निकले। यह जुलूस मुख्य बाजार क्षेत्र, सराफा लाइन और जयस्तंभ चौक होते हुए पुन: फ्रेन्ड्स स्कूल मैदान पहुंचा, जहां इसका समापन हुआ।

**नगर और राष्ट्र की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना**-रैली के दौरान भक्तिमय माहौल उस समय और गहराया जब चर्च के पास्टर्स ने स्टेट बैंक चौराहा और जयस्तंभ चौक पर विशेष प्रार्थना सभाएं कीं। इस दौरान देश में शांति, उन्नति, इटारसी नगर वासियों के कल्याण और समस्त प्रशासनिक अधिकारियों की कुशलता के लिए सामूहिक दुआ मांगी गई।

**बाइबल का संदेश और ऐतिहासिक महत्व**-मान्यता के अनुसार, हजारों वर्ष पूर्व की गई भविष्यवाणी के अनुरूप प्रभु यीशु ने जब यरुशलम में प्रवेश किया था, तब वहां के लोगों ने एक राजा के रूप में खजूर की डालियां हाथ में लेकर उनका भव्य स्वागत किया था। इसी परंपरा को जीवंत करते हुए मसीह समाज हर वर्ष ईस्टर से ठीक पहले वाले रविवार को यह पर्व मनाता है।

**इन चर्चों की रही उपस्थिति**-इस वर्ष फ्रेन्ड्स चर्च खेड़ा की मेजबानी में आयोजित इस आयोजन में इटारसी और आसपास के क्षेत्रों के प्रमुख चर्च फ्रेन्ड्स चर्च इटारसी, खेड़ा, मकोडि?ा, ईसीआई चर्च इटारसी, खेड़ा, असेम्बली ऑफ क्राइस्ट चर्च, रोमन कैथोलिक चर्च, इवेंजिलिकल लूथरन चर्च इटारसी, जमानी, बेथेल पेंटिकोस्टल और दी पेंटिकोस्टल मिशन चर्च, सेंट जॉन्स ऑर्थोडॉक्स चर्च रैसलपुर के सदस्य में उपस्थित रहे।

### ट्रेन से महिला गिरी,घायल

**पिपरिया,29 मार्च नससे.**महानगरी एक्सप्रेस से महिला के गिरने पर घायल होने पर आरपीएफ पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचाया। महानगरी एक्सप्रेस से इटारसी से नरसिहपुर जा रही माया सोनी पति प्रदीप सोनी उम्र 36 वर्ष की महानगरी एक्सप्रेस से गिरने से सिर व कमर में चोट आई। शासकीय चिकित्सालय में डॉ.शिव ठाकुर द्वारा इलाज किया। जीआरपी पुलिस ने बताया कि आरपीएफ पुलिस ने घायल को शासकीय चिकित्सालय पहुंचाया था।

### बिजली तार के टूटने से नरवाई में आग लगी

**पिपरिया,29 मार्च नससे.** बनखेडी के पास ग्राम खरसली में शनिवार को 11केव्ही बिजली लाइन का तार टूटने से गेंहू के खेत की नरवाई में आग लग गई ग्रामीणो की तत्परता से आग पर काबू पाया गया। ग्राम खरसली में पीतांबर चौक से खेत के पास आग लगने की घटना हुई,खेत मुख्य मार्ग पर स्थित है इसके बाजू से कृषि फीडर तथा डीएलएफ फीडर की 24 घंटे बिजली आपूर्ति वाली लाइने जाती है। सरपंच गजेन्द्र पटेल ने बताया कि डीएलएफ फीडर की 11 केव्ही लाइन का तार टूटने से स्पार्किंग हुई जिससे नरवाई में आग लगी। आसपास के खेतो में गेंहू की खडी फसल को देखते हुए ग्रामीणों ने तुरंत बडी संख्या में मौके पर पहुंचकर आग बुझाई व आग को फैलने से रोका ।इस दौरान फायर बिग्रेड भी मौके पर पहुंची।

## नरवाई जलाने की शिकायत पर प्रशासन ने दिखाई मुस्तैदी

**नर्मदापुरम,29,मार्च,नससे.** बैराखेड़ी एवं सांवलखेड़ा में किसानों द्वारा नरवाई जलाए जाने की शिकायत को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की। प्रशासनिक टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार उप संचालक कृषि श्री रविकांत सिंह, सहायक संचालक कृषि श्री राजीव यादव, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सुश्री जयश्री देशमुख एवं कृषि विस्तार अधिकारी सुश्री नेहा नागोले ने गांव पहुंचकर किसानों से सीधे संवाद किया।

अधिकारियों ने किसानों को स्पष्ट रूप से नरवाई नहीं जलाने की समझाइश देते हुए बताया कि इससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान होता है तथा गौशालाओं के लिए आवश्यक भूसा भी नष्ट हो जाता है। उन्होंने किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के वैकल्पिक तरीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान नंदनी गौशाला की टीम के साथ भी चर्चा की गई। आसपास के



उन किसानों से संवाद कर उन्हें समझाया गया, जो गौशाला के लिए भूसा बनाने में बाधा उत्पन्न कर रहे थे। अधिकारियों के समझाइश के बाद किसानों ने गौशाला हेतु भूसा निर्माण में सहयोग करने पर सहमति व्यक्त की।

### नरवाई जलाने पर चार किसानो के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

**पिपरिया,29 मार्च नससे.**बनखेडी क्षेत्र में नरवाई जलाने पर चार किसानो के विरूद्ध मुकदमा दर्ज हुआ।

तहसीलदार वैभव बैरागी व नायब तहसीलदार रामसिपाही मरावी ने बताया कि पिपरिया अनुविभाग के अंतर्गत तहसील बनखेडी में पर्याप्त प्रचार प्रसार करने के उपरांत नरवाई जलाने की घटना के बाद कलेक्टर व एसडीएम के निर्देश पर नरवाई मे आग लगाने के प्रतिबंधित आदेश की अव्हेलना होने पर तहसील बनखेडी के ग्राम कोडापडरई के किसान कल्लू पिता फूला व अजबसिंह पिता मुन्ना,कामती के किसान ओमकार पिता नन्हे एवं जय चौकसे पिता गोविंद चौकसे चार किसानो के विरूद्ध बीएनएस 2023 की धारा 223 ए के तहत मुकदमा दर्ज कर अर्थदंड आरोपित किया गया।

## रेलवे स्टेशन प्रांगण में जल सेवा शुरू

**बनखेड़ी,29 मार्च नससे.**मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की चयनित नवांकुर संस्था मां नर्मदा ग्राम विकास समिति एवं नगर विकास प्रस्फुटन समिति के संयुक्त तत्वाधान में एवं जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक श्रीमती सुखवती वर्मा के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन प्रांगण में जल गंगा संवर्धन अभियान जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम के तहत जल मंदिर प्याऊ में जल पत्रों की पूजा अर्चन कर रिबन काट कर रेलवे स्टेशन मास्टर अनिल साहू द्वारा किया गया इस मौके पर बनखेड़ी मां नर्मदा ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद मेहर ने बताया कि जल ही जीवन है इसे व्यर्थ ना गवाएं जल का संचयन करें बूंद बूंद पानी को सहेजे जल है तो कल है इस मौके पर उपस्थित नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष कमलेश नामदेव




सदस्य अखिलेश राय जन अभियान परिषद की चयनित नवांकुर संस्था तुलसी समाज सेवा के अध्यक्ष तुलसीराम कहार परामर्शदाता मकरन सिह कुशवाहा गोविंद सिंह पटेल रितेश कुशवाहा समाजसेवी देवेंद्र पटेल पवन पटेल उपस्थिति में प्याऊ का शुभारंभ किया .

### श्री गौंड मालवीय ब्राह्मण समाज महिला मंडल संगठन ने की पेयजल व्यवस्था

**इटारसी,29 मार्च नससे.** श्री गौंड मालवीय ब्राह्मण समाज महिला मंडल संगठन द्वारा पुरानी इटारसी स्थित नए बस स्टैंड के पास खेड़ापति माता मंदिर में आने जाने वाले राहगीरों के लिए शीतल जल के मटके रखकर पानी की व्यवस्था कराई।

महिला मंडल ने बताया की स्वास्थ्य के लिए मटके का ठंडा पानी अमृत के समान माना जाता है, जो प्राकृतिक रूप से सेहत के लिए अत्यंत लाभकारी है। इस दौरान मंडल की संरक्षक भारती मालवीय, ममता मालवीय, अध्यक्ष अर्चना राजेश मालवीय, उपाध्यक्ष रश्मि मालवीय, सीमा विश्वकर्मा, सचिव किरण मालवीय, कोषाध्यक्ष संगीता मालवीय, बरिष्ठ सलाहकर अर्चना मालवीय, निर्मला मालवीय, त्रिवेणी मालवीय, राजाबाई मालवीया, संगठन मंत्री अनुसुइया मालवीय, संगीता मालवीय, हेमा मालविया उषा मालवीया नीलम मालवीया का सराहनीय सहयोग रहा एवं वरिष्ठ मंडल के संरक्षक श्री प्रेम नारायण मालवीय एवं उपाध्यक्ष अशोक मालवीय जी उपस्थित रहे.